भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2418
जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026 को दिया जाना है

न्यायपालिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व

+2418. श्री कालीपद सरेण खेरवाल :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों की वर्तमान संख्या कितनी है और उनका प्रतिशत कितना है ; और

(ख) उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में पुरुष और महिला न्यायाधीशों का तुलनात्मक प्रतिशत क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और
संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) और (ख) : उच्चतम न्यायालय में भारत के मुख्य न्यायमूर्ति सहित न्यायाधीशों की कुल 34 पदों में से 33 न्यायाधीश कार्यरत हैं जिनमें एक महिला न्यायाधीश भी शामिल है। उच्चतम न्यायालय की एक महिला न्यायाधीश जून, 2025 में सेवानिवृत्त हुईं।

उच्च न्यायालयों में, 1122 की कुल पदसंख्या में से 10.02.2026 तक 813 न्यायाधीश कार्यरत हैं। उच्च न्यायालयों में कार्यरत महिला न्यायाधीशों की संख्या 116 है। आज की तारीख में, उच्च न्यायालयों में कार्यरत न्यायाधीशों में से 14.27% महिलाएँ हैं। 2018 से, उच्चतम न्यायालय में 5 महिला न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई और विभिन्न उच्च न्यायालयों में 130 महिला न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई।

****